हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

11 जागृत समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका...

12 आदिवास संस्कृति व समाज के विकास...




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

# मैनपुर-अचानपुर मार्ग पर कीचड़, लोग हो रहे दुर्घटना का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित नदीपारा और अचानपुर गांवों के लोग इन दिनों गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। बारिश के कारण इन गांवों को जोड़ने वाली सड़क कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है।

इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मोटर साइकिल और साइकिल चालक लगातार फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर मुरम या रेत डालने की सख्त जरूरत है, लेकिन ग्राम पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। ग्राम अचानपुर के निवासियों ने बताया कि मैनपुरखुर्द ग्राम पंचायत का आश्रित गांव होने के बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बारिश की रातों में पूरी सड़क पर घना अंधेरा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का जोखिम और भी बढ़ जाता है।



## दलदल से लोग परेशान, सड़क निर्माण की मांग



### समस्या का जल्द समाधान करने की मांग

*ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत मैनपुर और जनपद पंचायत से इस गंभीर समस्या का जल्द समाधान करने और सड़क निर्माण कराने की मांग की है, ताकि लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके।*

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षक भूषण ने मेडिकल कॉलेज रायपुर को किया देहदान



**नवापारा-भेण्डरी।** नवापारा-भेण्डरी के ग्राम भेण्डरी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक और रामायण के व्याख्याकार भूषण साहू ने मेडिकल कॉलेज रायपुर को देहदान किया है। उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रियाएं पूरी कर मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को देहदान का प्रपत्र सौंपा। भूषण साहू ने अपनी इच्छा व्यक्त की है कि उनके निधन के बाद उनके शरीर का उपयोग मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए किया जाए। भूषण साहू मानस मंडली के व्याख्याकार के रूप में भी जाने जाते हैं। उनके इस फैसले की सराहना की जा रही है।

### मादक प्रदार्थ जब्त आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अटल नगर व सीएसपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर ग्राम चंडी नहर के पास रेड कार्यवाही कर आरोपिया घुरवा महार पति द्वारिका तिवारी को पकडक़र उसके कब्जे से 420 ग्राम मादक पदार्थ को जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपिया को न्यायिकहिरासत न्यायालय रायपुर भेजा गया है।

### पितृपक्ष प्रारंभ, तर्पण और श्रद्धा जारी

**फिंगेश्वर।** गणेश पक्ष के समापन के पश्चात श्राद्ध पक्ष का प्रारंभ 7 सितंबर से हो गया है लेकिन 7 सितंबर को चंद्रग्रहण होने के कारण सूतक की स्थिति बनने पर कुछ लोग एकम को मान कर श्राद्ध कर रहे है तो कुछ लोग पूर्णिमा के दिन ही श्राद्ध पक्ष मान रहे हैं। अंचल में पंडित भगवताचार्य त्रिभुवन महराज ने सोमवार को एकम के साथ श्राद्ध पक्ष मनाने की सलाह दी है। 8 सितंबर को सोमवार को आज नगर सहित अंचल मे लोगो के द्वारा अपने अपने पितरों की बैठकी कर जल तर्पण करेंगे एवं श्रद्धा भोज प्रसादी का वितरण करेगे।ऐसा करने पर लोग पितृ ऋण एवं दोश से मुक्त होते हैं। 15 दिन चलने वाली पितर पक्ष का समापन 21 सितंबर को होगा।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में सिटी कोतवाली आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को टिकेश्वर साहू ने बताया कि 8 अगस्त को वह अपने काम में एचडीएफसी बैंक महासमुंद आया था और बैंक के काम से अपनी बाईक से ग्राम परसदा जा रहा था, सुबह करीब 10 से 10.30 बजे के मध्य खट्टी से परसदा जाने वाले रोड तालाब के पास सामने से आ रही मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीआर 0757 के चालक ने टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसके चलते उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। इलाज कराने के बाद प्रार्थी ने 6 सितंबर को कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर 184 मो. व्ही. एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खाद संकट : सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध नहीं

# जिले के किसानों को नहीं मिल रही खाद, निजी दुकानों से ऊंचे दाम पर खरीदने को मजबूर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती पर संकट मंडरा रहा है। सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण किसान निजी दुकानों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर हैं। किसान बता रहे हैं कि 230 की यूरिया खाद 1000 तक में बिक रही है, जबकि डीएपी खाद 2000 तक की कीमत पर बेची जा रही है। किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग के अधिकारी इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं और केवल दिखावे के लिए कार्रवाई कर रहे हैं। इससे कुछ व्यापारी किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर मुनाफा कमा रहे हैं। किसान रामलाल साहू, मकसूदन साहू और घनश्याम पटेल ने बताया कि खाद की कमी से धान की फसल की चमक फीकी पड़ गई है और पौधों की वृद्धि रुक गई है। समय पर खाद न मिलने से फसल का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### उत्पादन पर पड़ेगा असर

*कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि अगर जल्द ही खाद की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि वे सरकारी समितियों में खाद की पर्याप्त आपूर्ति कराएं और निजी दुकानों पर हो रही मनमानी बिक्री पर तुरंत रोक लगाएं।*

# शिखर अकादमी में गरियाबंद व धमतरी की सात प्रतिभाओं को राष्ट्रीय सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद और धमतरी जिलों की 7 बहुमुखी प्रतिभाओं को शिखर साहित्य अकादमी द्वारा राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। बस्तर के राजा कमलचंद भंजदेव और अकादमी प्रमुख मन्नूलाल चेलक के हाथों राजधानी के सिविल लाइन्स स्थित वृन्दावन हॉल में प्रदेश भर की 150 से अधिक हस्तियों को यह सम्मान दिया गया। यह सम्मान उन लोगों को दिया गया है जिन्होंने अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर कला, साहित्य, शिक्षा और समाज सेवा जैसे रचनात्मक कार्यों में योगदान दिया है। सम्मान मिलना न केवल गौरव की बात है, बल्कि यह उन्हें अपने कार्य को और अधिक ऊर्जा के साथ जारी रखने का संबल भी देता है।

### गरियाबंद-धमतरी के सम्मानित कलाकार

डॉ. ईश्वर तारक (साहित्यकार, फुलझर-घटारानी), गौकरण मानिकपुरी (लोक कलाकार), सेवक ठाकुर (समाजसेवी, विजयपुर छुरा), नूतन लाल साहू (वरिष्ठ साहित्यकार, पाण्डुका), तुलेश्वर घृतलहरे (लोक कलाकार, ग्राम सेंदर), गंगा बाई मानिकपुरी (पंडवानी गायिका, मगरलोड, धमतरी), रुक्मिणी दीवान (जसगीत, सुआ गीत गायिका, मगरलोड, धमतरी)

*कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन-इस दौरान गौकरण मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत का सस्वर गायन किया। तुलेश्वर घृतलहरे और उनकी टीम ने मंगल भजन प्रस्तुत किया, जबकि पंडवानी गायिका गंगा बाई मानिकपुरी ने महाभारत की मूल गाथा का प्रभावी गायन किया। इस आयोजन में जिला सृजन लोक कला एवं साहित्य संस्था के सचिव बाबूलाल साहू और लोक गायक निजाम कन्हारपुरिहा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।*

# हाईवे पर बिजली खंभा से टकराकर पलटी पिकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130C पर सड़क से सटाकर लगाए गए बिजली के खंभे लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। रविवार को एक पिकअप फुलझर घाटी के पास सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई, जिससे खंभा भी टूट गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क से सटाकर लगाए गए इन खंभों को हटाने की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस तरह के हादसों से आए दिन लोग घायल हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने और बिजली के खंभों को सड़क से सुरक्षित दूरी पर लगाने की मांग की है।

# टीबीएस स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया



**नवापारा-राजिम।** ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। शाला प्राचार्या हरप्रीत कौर मैम के सानिध्य में समस्त शाला परिवार एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से शाला में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र की पूजन-अर्चना एवं तिलक वन्दन, माल्यार्पण के साथ किया गया। समस्त शिक्षकगणों को छात्र-छात्राओं के द्वारा तिलक-वन्दन कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गतिविधि में सभी शिक्षकगण सरल स्वभाव से सहयोगी बने और भरपूर आनंद उठाए। इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, भाषण एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रबंधन समिति के द्वारा शाला परिवार के लिए भोजन की उचित व्यवस्था की गई एवं सभी शिक्षकगणों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दी गई। शाला प्राचार्या जी ने भी सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दी एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शाला परिवार के साथ-साथ ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने 10108 पौधारोपण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार, जिला गरियाबंद द्वारा परम वंदनीया माताजी के जन्मशताब्दी वर्ष को एक विशेष उपहार के रूप में मनाने के लिए अब तक 9092 पौधों का रोपण किया जा चुका है।

इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है। यह वृक्षारोपण अभियान गरियाबंद जिले के विभिन्न ब्लॉकों में चलाया गया है। सबसे ज्यादा पौधे फिंगेश्वर ब्लॉक में लगाए गए हैं। फिंगेश्वर 3110 पौधे, देवभोग 3074 पौधे, छुरा 862 पौधे, गरियाबंद 851 पौधे, कांडेकेला 838 पौधे, मैनपुर 357 पौधे।



### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

प्रांतीय वृक्षारोपण प्रभारी पूरन लाल साहू ने पेड़ों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पेड़ हमें ऑक्सीजन, फल, फूल, छाया और औषधि देते हैं। उन्होंने बताया कि पेड़ जल स्तर को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। जिला समन्वयक टीकम साहू ने कहा कि पेड़ वातावरण को ठंडा रखते हैं और बादलों को आकर्षित करते हैं। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चंदूलाल साहू और संतोष साहू ने लोगों से अपील की कि वे अपने पूर्वजों की स्मृति में, या अपने जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ पर हर साल एक पौधा जरूर लगाएं और उसकी देखभाल करें। इस अभियान को सफल बनाने में गायत्री परिवार के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, युवाओं और विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विसर्जन

# नम आंखों से दी गई गजानन भगवान को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

11 दिनों तक भक्ति और उमंग में डूबे रहने के बाद, रसेला सहित पूरे अंचल में रविवार को विघ्नहर्ता भगवान गणेश को नम आँखों से विदाई दी गई। सुबह से ही डीजे की धुन, जयकारों की गूंज और गुलाल की बौछार के बीच, छोटी-बड़ी प्रतिमाओं के साथ जुलूस निकाले गए। इन जुलूसों में युवा, महिलाएँ और बच्चे सभी गणपति की भक्ति में झूमते-नाचते दिखे। भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और आरती कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भक्तों के चेहरे पर बप्पा को विदा करने की भावुकता साफ झलक रही थी। /"गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ!/" के जयकारे से पूरा गाँव और विसर्जन स्थल गूंज उठा। बारिश होने के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। गणेश विसर्जन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह आस्था और उम्मीद का प्रतीक भी है। यह दर्शाता है कि जीवन में सुख और दुख दोनों आते-जाते रहते हैं। भक्तों का मानना है कि भगवान गणेश अपने साथ सभी दुखों और परेशानियों को ले जाते हैं और अगले साल खुशियाँ और समृद्धि लेकर लौटेंगे।



### इन गांवों में भी हुआ विसर्जन

रसेला के अलावा, कुडेरादादर, मुढीपानी, रूवाड, मेडकीडबरी, दादरगाव नया, कोठीगाव, पड्रीपानी गोंड, कनसिघी, भरूवामुडा, सिवनी, टोनहीडबरी, सेम्हरा, टेगनाबासा और रावनाभाटा सहित कई गाँवों में भी धूमधाम से गणेश विसर्जन किया गया।

### सेंदर में गणपति बप्पा को विदाई



**छुईहा बेलर।** 11 दिनों तक चले गणेशोत्सव पर्व का समापन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर धूमधाम से हुआ। ग्राम सेंदर में नवयुवक समिति द्वारा आयोजित सार्वजनिक गणेशोत्सव में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन में भाग लिया। विसर्जन से पहले, भगवान गणेश की अंतिम पूजा-अर्चना की गई और उन्हें मोदक का भोग लगाया गया। इसके बाद, डीजे की धुन और गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोषों के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी गई। इस दौरान, नवयुवक गणेश उत्सव समिति के सदस्य और अन्य श्रद्धालु विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए। यह मान्यता है कि मूर्ति विसर्जन से भगवान गणेश परमात्मा में विलीन हो जाते हैं। विदाई के इस भावुक क्षण में सभी की आँखें नम थीं।

# पारंपरिक खेलों के आयोजन से संस्कृति को बढ़ावा



**राजिम।** राजिम के वार्ड नंबर 3 में युवा संगठन ओम गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेशोत्सव के समापन पर पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन खेलों में कुर्सी दौड़, रस्सी कूद, फुगड़ी, थाली सजावट और जलेबी दौड़ शामिल थे। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि आज की आधुनिक दुनिया में हमारे छत्तीसगढ़ी खेल और परंपराएं विलुप्त होती जा रही हैं। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि मोबाइल के दुष्प्रभाव से बच्चों को बचाने और पारंपरिक खेलों को जीवित रखने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद जरूरी हैं। इस कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने किया, और सोमेश दुबे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समिति के सदस्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**महासमुंद।** पिकअप की टक्कर से एक बुजुर्ग के घायल होने के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अमेरा निवासी चमारराय और नरसिंग निषाद सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 4894 से अमेरा से लमकेनी जाने के लिए निकले थे। कोमाखान चौखड़ी ग्राम बंसुलाडबरी रोड पर पहुंचे थे, तभी बंसुलाडबरी की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 जीवाय 6345 के चालक ने अपने वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाकर सुपर एक्सल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे चमारराय के दोनों पैरों में चोटें आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री, तीन के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि 3 व्यक्ति नवाडीह सिड़गिड़ी जंगल में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन लोगों को पकड़ा, जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम शेख अलाउद्दीन उर्फ गुड्डा खान पिता शेख बिसरूद्दीन (49 वर्ष), शेख अजीमुद्दीन पिता शेख अलाउद्दीन(24 वर्ष) उमेश कुमार निषाद पिता त्रेतानाथ निषाद (27 वर्ष) सभी निवासी पचेड़ा होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 80 पौवा देशी प्लेन मदिरा, कीमत 6400 रुपए, नगद रकम 1000 रुपए व 3 नग मोबाईल कीमत करीबन 30000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि खोपली निवासी विश्वनाथ विश्वकर्मा 6 सितंबर को सुबह करीब 4 बजे नित्यकर्म (शौच) हेतु अपने घर से बाहर निकला था। इसी दौरान घर के पास एनएच 353 रोड में किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे विश्वनाथ को गंभीर चोटें आई। जिसे डायल 112 वाहन से सीएचसी बागबाहरा इलाज हेतु लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक कर मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### गढ़फुलझर में मेला एवं संत समागम 1 को, हुई तैयारी बैठक

**बसना।** संत गुरु घासीदास सेवा संस्थान गड़फुलझर के गढ़ परिसर में मेला एवं संत समागम का आयोजन आगामी 1 दिसंबर को आयोजित करने के विषय में निराला कांप्लेक्स में सभा का आयोजन रखा गया। जिसमें कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव रखा गया। इस बैठक में उपस्थित साधु-संत, समाज प्रमुख एवं पदाधिकारी, अधिकारी, समाज सेवी पीएल कोसरिया, राजमहंत दौलत रात्रे, लखन कुर्रे, खोलबहरा निराला, पुनीतराम खूंटे, रामप्रसाद ओगरे, संत लाभों, ऋतु संत, अभय घृतलहरे, गोपाल सत्यवंची, रोशन भास्कर, मोतीलाल रात्रे, मिलापराम निराला, हेमंत मिरी, लिलेश्वर कोसरिया, कुशल रात्रे, अजित महिलांगे, जगदीस बारिक आदि मौजूद रहे।

### पटेवा पुलिस ने तस्कर को पैसे लेकर छोड़ा, वो कवर्धा में गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा तस्कर के पकड़े जाने के बावजूद 60 हजार रुपए की लेकर छोड़ दिए जाने के मामले में पुलिस विभाग द्वारा पटेवा थाना के 4 आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है।







# गणेश विसर्जन का सिलसिला दूसरे दिन भी चलता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

**हवन पूजा हो जाने के बाद शनिवार को देर रात तक गणेश विसर्जन महानदी में होते रहा। वहीं कुछेक समितियो के लोग दूसरे दिन भी महानदी पहुंचकर गणेश विसर्जन करते रहे। काफी दूर-दूर से लोग गाजे-बाजे के साथ धर्मस्थल राजिम आए हुए थे।**

# खड़मा में गणेश उत्सव के दौरान जय बनाही जस झांकी का आयोजन





**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा के सुभाष चौक गणेश उत्सव समिति ने 4 सितंबर की रात पिपरछेड़े (जतमईगढ़) के प्रसिद्ध जय बनाही जस झांकी दल द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया, जिनमें जनपद सदस्य अवधराम साहू, सरपंच जग बाई ध्रुव, उप सरपंच रेखचंद साहू, पंच ढपेद यादव और समस्त समिति के सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश जी की पूजा-अर्चना और गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद, छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा का बखान किया गया और क्षेत्र की आदिवासी परंपरा को दर्शाते हुए भोजली गीत 'देवी गंगा देवी गंगा' से जस झांकी का आगाज हुआ। झांकी में विभिन्न पारंपरिक और पौराणिक दृश्यों को प्रस्तुत किया गया, जिनमें महिषासुर वध, देवी शेरोंवाली मैया का शेर पर सवार होकर निकलना, और पर्व के अनुसार सुवा नृत्य शामिल थे। इसके अलावा, आदिवासी परंपरा पर आधारित गौरी गौरा करसा भी निकाला गया, जिसमें 'डढ़ाईया चढ़ाहे' जैसे पारंपरिक गीत गाए गए। इस आयोजन में गांव के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस सफल आयोजन के लिए सुभाष चौक समिति की सराहना की गई।

## अनंत चतुर्दशी पर चंदन लगाकर नंदी की पूजा और आरती की गई

**राजिम।** राजिम से लगे हुए गांव रांवड़ में अनंत चतुर्दशी के दिन आज भी नंदी को सजाकर पूरे बस्ती में हर घर के दरवाजे पर घुमाए जाने की परंपरा बरकरार है। हर घरो के सामने माताएं गोबर से लिपकर ,चौक चंदन लगाकर इंतजार करती है। ढोल ढमाके के साथ नंदी को हरेक घरों के सामने ले जाया जाता है जहां काफी श्रद्धा और भक्ति के साथ नंदी का गुलाल लगाकर आरती करके पूजा की जाती है। ये परंपरा इस गांव में सैकड़ो साल से चली आ रही है। शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर्व के अवसर पर गांव में त्योहार जैसे माहोल रहा। बाजे-गाजे के साथ उपसरपंच प्रतिनिधि घासीराम



सोनवानी,जनपद प्रतिनिधि मुकेश भारती ,मनी निर्मलकर ,टोमन साहू ,ओमप्रकाश साहू ,कनक साहू ,मनी साहू ,कन्हैया यादव ,भुवन पटेल ,भागवत साहू ,चंदू साहू ,राजकुमार साहू ,रामदास मिरी ,छन्नू पटेल ,भानुप्रताप साहू ,अवध निषाद ,पुरूषोत्तम साहू ,लालू साहू ,नीरज विश्वकर्मा ,धनेश साहू सहित बस्ती के लोग नंदी के साथ गांव में भ्रमण करते रहे। सभी जगह पूजा अर्चना की गई।

# पतोरा स्कूल में शिक्षक दिवस पर गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतोरा में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि प्रधानपाठक रामकृष्ण मन्नाडे ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक अपना पूरा जीवन छात्रों के हित में समर्पित कर उन्हें योग्य बनाता है। उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन को बीसवीं सदी का महान दार्शनिक बताते हुए उनके जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर, छात्रों ने भी डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षा के प्रति उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कुमारी संगीता, सुनैना, पुष्पांजलि, ओमेश्वरी, हर्ष, कविता, काजल, भावना, ईशा, लीलम, मनीष, नैतिक, भीनेश, हरीश, ओंकार और देवेंद्र का योगदान सराहनीय रहा। छात्रों ने शिक्षकों को पेन और डायरी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी अंजलि और प्रियांशी ने किया।

## सांसद अग्रवाल का हुआ नवापारा में जोरदार स्वागत

**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का यहां जोरदार स्वागत हुआ। स्वागत करने वालो में विधायक इंद्रकुमार साहू, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर साहू, रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष श्याम नारंग, छत्तीसगढ़ चावल उद्योग संघ के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा, महामंत्री विष्णु अग्रवाल, नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ,पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, रमेश पहाड़िया, रमेश चौधरी, आलोक पहाड़िया,मनीष जैन, विशेषर हिरवानी, डा बलजीत सिंह ,डॉ दिलीप शाह, डाक्टर गोपाल केला, डाक्टर के आर सिन्हा, डाक्टर तेजेंद्र साहू सहित पूर्व पार्षद ,वर्तमान पार्षद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे। मालूम हो कि सांसद श्री अग्रवाल नगर पालिका नवापारा के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल के एक परिवारिक कार्यक्रम में पहुंचे थे।



# विद्यार्थियों के विकास में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

**राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता संभाग के अध्यक्ष प्रधानपाठक रामनारायण मिश्रा थे। अध्यक्षता रूपलाल साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक रामकुमार साहू ,मिडिल स्कूल के शिक्षक नेमूराम साहू ,पुरुषोत्तम साहू थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच अंजली ध्रुव तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीकम साहू तथा अन्य सदस्यों द्वारा समस्त शिक्षकों का श्रीफल एवं गमछा भेंटकर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के मुख्य अतिथि रामनारायण मिश्रा ने कहा कि



शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में भी सहायक होता है सरपंच अंजलि ध्रुव ने कहा हमें शिक्षकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए शिक्षक अपने शिष्यों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है तथा उन्हें जीवन जीने की कला भी सीखाता है इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष टीकम साहू उपाध्यक्ष दिगेश्वर साहू नोहर राम साहू भागवत कंवर सोमनाथ कंवर डामिन साहू मंजू साहू मिथिलेश साहू परमेश्वर साहू भूषण यादव जितेंद्र साहू मौजूद थे।

# सुरंगपानी में अष्टवर्गीय राजगोड़ समाज ने मनाया नुआखाई जोहार भेंट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम सुरंगपानी में अष्टवर्गीय राजगोड़ समाज सर्कल बिंद्रानवागढ़ ने अपना प्रमुख त्योहार 'नुआखाई जोहार भेंट' बड़े ही उत्साह से मनाया। इस अवसर पर पारंपरिक रूप से पूजा-पाठ की गई, पारंपरिक व्यंजन बनाए गए और एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि शोभाराम सोरी ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

उन्होंने युवा पीढ़ी से नशापान जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे कलियाराम सोरी ने बताया कि नुआखाई राजगोड़ समाज का प्रमुख त्योहार है, जो नई फसल आने की खुशी में मनाया जाता है। संरक्षक रतनराम सोरी ने कहा कि इस दिन नए चावल का चिवड़ा बनाकर अपने इष्टदेव को अर्पित किया जाता है और अच्छी फसल तथा सुख-समृद्धि की कामना की जाती है।



**मतभेद भुलाने का अवसर**

बालाराम मरकाम ने कहा कि यह त्योहार एकता का प्रतीक है और यह लोगों को अपने मतभेदों को भुलाकर नए सिरे से संबंध बनाने का अवसर देता है। इस मौके पर अष्टवर्गीय राजगोड़ समाज के सभी पदाधिकारी, सदस्य, महिलाएँ और पुरुष बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## पूरन लाल को मिलेगा कर्मवीर शिक्षक अलंकरण सम्मान

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली के व्याख्याता पूरन लाल साहू को 'प्रगति शिक्षण विज्ञान यात्रा संस्था' द्वारा 'कर्मवीर शिक्षक अलंकरण' के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान शिक्षा के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विज्ञान के प्रचार-प्रसार, जन सेवा और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। पूरन लाल साहू ने बताया कि यह संस्था हर साल नवाचार और उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों का चयन करती है। इस वर्ष भी पूरे प्रदेश से 100 शिक्षकों और 10 खोजी छात्रों को उनकी विलक्षण प्रतिभा और रचनात्मक कार्यों के आधार पर चुना गया है। इन सभी शिक्षकों को सोमवार को चरमुड़िया (कुरूद) में आयोजित सम्मान समारोह 2025 में सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी, ए.पी.सी. और अन्य शिक्षा अधिकारियों सहित शाला के शिक्षकों और समिति सदस्यों ने पूरन लाल साहू को बधाई दी है।



# बारुला पंचायत में चावल उत्सव का भव्य आयोजन

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बारुला में हाल ही में एक विशेष 'चावल उत्सव' और तिहार (पर्व) का आयोजन किया गया। सरपंच सुकदेव साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन और कलेक्टर के निर्देश पर, वर्ष 2025-26 को छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर, राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत बारुला ग्राम पंचायत में संचालित उचित मूल्य की दुकानों पर हर महीने की 1 से 8 तारीख तक 'चावल उत्सव' मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम की देखरेख के लिए पंचायत सचिव को विशेष नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को ग्राम बारुला की शासकीय राशन दुकान में आयोजित इस उत्सव के दौरान, सरपंच सुकदेव राम साहू और निगरानी समिति के सदस्यों ने अन्नपूर्णा माता की पूजा-अर्चना की और नारियल चढ़ाकर प्रसाद वितरित किया। इसके बाद, लाभार्थियों को चावल का वितरण किया गया। इस आयोजन में सरपंच सुकदेव राम साहू, उपसरपंच उत्तम सोनवानी, सदस्य इंदरमन साहू और सुमन मिश्रा, ग्राम पटेल लालजी पराना, मालती बाई पराना, निलकंठ नवरगे, शांतु धृतलहरे, अमृत ध्रुव और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# एकलव्य विद्यालय छुरा में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा (छुरा) में छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण और अलंकरण समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत छुरा की मीरा ठाकुर रहीं, जिन्होंने सभी प्रतिनिधियों को बैज और सैशे पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में विद्यालय के नए पदाधिकारियों ने शपथ ली। इनमें वेदांश बरिहा (विद्यालय कैप्टन), भेष कुमार (उप-कैप्टन, बालक) और अमीषा ठाकुर(उप-कैप्टन, बालिका) शामिल हैं। इसके साथ ही, चारों सदनों - ब्रह्मपुत्र, गंगा, गोदावरी और तापी के हाउस कैप्टन और प्रीफेक्ट्स को भी चुना गया और उन्हें सम्मानित किया गया।

इसके अलावा, विभिन्न सदनों के लिए प्रीफेक्ट्स भी चुने गए। समारोह का आरंभ विद्यालय के सह-शैक्षणिक प्रभारी उज्ज्वल त्रिपाठी द्वारा छात्र परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के साथ हुआ। मुख्य अतिथि मीरा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र परिषद बच्चों को लोकतांत्रिक मूल्यों को सीखने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का मौका देता है। प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि हर पद अपने साथ जिम्मेदारी और कर्तव्य लेकर आता है। उन्होंने छात्रों को इन दायित्वों को निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वल त्रिपाठी ने किया और श्वेता ने आभार व्यक्त किया।





**विभिन्न सदनों के चयनित पदाधिकारी**

**ब्रह्मपुत्र हाउसः** नोकेश्वर राम, साक्षी नीलवंशी, मुकेश, अदिति ध्रुव
**गंगा हाउसः** प्रीतम, लक्ष्मी मांझी, कैलाश, मीनाक्षी
**गोदावरी हाउसः** डोगेन्द्र, लक्ष्मी जगत, डीकेश मांझी, मानवी ठाकुर
**तापी हाउसः** यश नेताम, रोशनी, सुजल दीवान, सोनम

# जेई विनय बाघ को एई पदोन्नति पर विदाई

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा विकासखंड के मड़ेली खड़मा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता (जेई) विनय बाघ को सहायक अभियंता (एई) के पद पर पदोन्नत होने और उनका स्थानांतरण होने पर विदाई दी गई। इस अवसर पर, जिले और विकासखंड के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी और शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। विदाई समारोह में गरियाबंद के ईई हेमंत ठाकुर, एई गणेश प्रसाद बारले, छुरा के एई यूके दी।



## खबर संक्षेप



### नवागांव में शिक्षक दिवस पर हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के शिक्षकों द्वारा डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन एवं सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने मंच से शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा और आभार व्यक्त किया तथा उनके जीवन में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को स्वयं के द्वारा निर्मित ग्रीटिंग कार्ड, कलम एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। शिक्षक मेमन चंद्राकर ने डॉ राधाकृष्णन के जीवन परिचय जन्म से लेकर राष्ट्रपति बनने तक की जानकारी दी। अमर साहू ने शिक्षकों को समाज पथ प्रदर्शक बताया और उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का उज्वल भविष्य निर्माण संभव है। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने शिक्षक के योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक की गरिमा एवं उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक वीरेंद्र कुमार साहू एवं किरण दीवान में भी अपने आशीर्वचन विद्यार्थियों को प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन यामिनी सिन्हा एवं रागिनी ढ़ीढ़ी ने किया।

### सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में मनाया शिक्षक दिवस




**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में शिक्षक दिवस पर बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, और विभिन्न खेलों ने समारोह में चार चांद लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा शिक्षकों के स्वागत और सम्मान के साथ हुई। बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसमें नृत्य और संगीत की शानदार प्रस्तुति शामिल थी। इसके अलावा, शिक्षकों और छात्रों के बीच विभिन्न मजेदार खेलों का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट के प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, बल्कि अपने छात्रों के भविष्य को संवारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### नवकिरण अकादमी में आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए हुआ अंतिम टेस्ट

**महासमुंद।** आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर नवकिरण अकादमी में आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा व अंतिम टेस्ट का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित अकादमी के जिला समन्वयक डी.बसंत साव ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा व अंतिम टेस्ट पेपर आरक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का इतिहास, भूगोल, संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन कला साहित्य, समसामयिक घटनाएं, पर्यावरण, कंप्यूटर, छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान बुद्धि क्षमता एवं विश्लेषण क्षमता, अंक गणित आदि के 100 प्रश्न पूछे गए। चौथा व अंतिम टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया।

**समारोह :** शिक्षक दिवस पर चम्पारण में शिक्षकों का हुआ सम्मान

# जागृत समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका है महत्वपूर्ण : अशोक बजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





शिक्षक अपने ज्ञान के प्रकाश से अज्ञानता एवं अहंकाररूपी अंधकार को मिटाते है. गोस्वामी तुलसी दास जी ने भी कहा है कि गुरु वह प्रकाशपुंज हैं जिनकी किरणों से अज्ञानरूपी अंधकार दूर होता है। उक्त उदगार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य अशोक बजाज ने सरस्वती शिशु मंदिर चंपारण में शिक्षक दिवस समारोह में व्यक्त किये। कहा कि जागृत समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. श्री बजाज ने शिक्षकों से आव्हान किया कि वे भारत सरकार की नई शिक्षा नीति को पूरी तरह लागू करें क्योंकि नई शिक्षा नीति भावी पीढ़ी को श्रेष्ठ इंसान बनाने में मददगार साबित होगी। इस अवसर पर शिशु मंदिर के अलावा अन्य विद्यालयों के शिक्षकों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से विजय गोयल, किशोर देवांगन,उमेश यादव,टीकम चंद साहू, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रकला ध्रुव, जनपद सदस्य द्वय ब्रम्हानंद साहू, प्रवीण कल्ला, हृदयराम साहू, मनीष साहू, जितेन्द्र बंजारे, दयालू गाड़ा, शिशु मंदिर के अध्यक्ष रिखीराम तारक, व्यवस्थापक नंदकुमार साहू, सरपंच अनिल शाहनी, उपसरपंच दुष्यंत साहू, संतोष शुक्ला, टीकाराम साहू, खिलेंद्र साहू, ईश्वर साहू, देवनारायण सिन्हा, अर्जुन धीवर, बाबी पालसिह चावला, शोभाराम साहू, सुमित सिन्हा, माधव मिरी, प्रेमलाल साहू, आशाराम साहू, अनिल अग्रवाल, शांतनु सिन्हा, भूपेंद्र बल्लू सोनी, मायाराम साहू, नेहरूराम साहू, सांवत साहू, विजय सिन्हा, गंगूराम साहू, शिवेंद्र तिवारी, नत्थूराम साहू, नवल साहू, हितेश मंडई, मनीष देवांगन, प्रसन्न शर्मा, शिवगोविंद वर्मा, कन्हैया जांगड़े, कविता साहू, लता साहू, संगीता शर्मा, भगवानधर दीवान, ननकू राम साहू, सालिगराम साहू, भेखराम साहू, रघुनंदन साहू, घनश्याम पटेल, रोशन सिन्हा, वेदव्यास तारक, हेमंत तारक, रूपेंद्र चंद्राकार, किशन साहू, कमलनारायण साहू, योगेंद्र ध्रुव, चेतना गुप्ता, किशन शर्मा, नोमेश साहू, ईश्वरी देवांगन, भुगेश्वरी झाड़राम सिन्हा, विजय सिन्हा, कैलाश तिवारी, टिंकू सोनी, तुलाराम साहू, चेतन बारले, खोरबाहरा साहू, हरीश वर्मा, कृष्णकांत नामदेव, गौतम साहू, ईश्वर साहू, विजय सिन्हा, लौटन साहू, तोमन साहू, रोहित कुर्रे, एवं मनीष कुर्रे के अलावा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जगह -जगह हुआ सम्मान

प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बनने के पश्चात अशोक बजाज के आगमन की सूचना से इलाके के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दृष्टिगोचर हुआ. चम्पारण से रायपुर लौटते समय जगह जगह उन्हें रोककर ग्रामवासियों ने स्वागत किया. नवागांव में खगेश साहू सरपंच, लेखराम सिंह , तोरण यादव, गिरवर देवांगन, कुमार साहू, नंदकुमार चक्रधारी,हरिश्चंद्र, महेंद्र, भोज सिंह, टीकू साहू, लेखराम साहू, गंगाराम साहू, तोरण यादव, गोकुल यादव, दयालु सिन्हा, शिशुपाल साहू, दुखुराम सिन्हा, बोधी साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए. तत्पश्चात सुंदरकेरा में नत्थूराम साहू, टीकाराम पटेल, हरिराम साहू, भुनेश्वर साहू, गवार पटेल, टिकेश्वर सिन्हा उमरपोटी सरपंच , देवनारायण सिन्हा, संतोष साहू , तुकाराम साहू, कमलेश पटेल, सेवती विश्वकर्मा, गणेशिया बाई साहू, चंद्रहास साहू आदि कार्यकताअरं ने अभिवादन किया. इसके पश्चात पचेड़ा, खंड़वा एवं माना बस्ती में भी अशोक बजाज का स्वागत किया गया।

### चंपेश्वर महादेव में किया अभिषेक

सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने मंत्रोचार कर भाजपा नेता अशोक बजाज को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. इसके पूर्व श्री बजाज ने अपने जन्मदिन पर चंपेश्वर महादेव एवं महाप्रभु वल्लभाचार्य मंदिर में कार्यकर्ताओं के साथ पूजा अर्चना कर सर्वजन हिताय,सर्वजन सुखाय की कामना की। चंपेश्वर महादेव में उन्होंने अभिषेक भी किया। भाजपा नेता इस कार्यक्रम के निमित्त एक दिन पूर्व ही चंपारण पहुँच गए थे तथा गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

## समर्थकों ने मनाया चंद्रशेखर का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिला के वरिष्ठ भाजपा नेता जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू का जन्मदिन उनके गृहग्राम श्यामनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थको ने काफी धूमधाम से मनाया। श्री साहू जन्मदिवस के अवसर पर अपने गृहग्राम के मंदिरो में पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री साहू को बधाई देने विधायक रोहित साहू ,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,जनपद अध्यक्ष इंद्राणी -नेहरू साहू,जिला पंचायत सभापति नंदनी-कोमल ढीढी,मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, राजू साहू, पन्ना साहू, रामधार साहू, गोपाल साहू, राजेन्द्र यादव, मोती निषाद, वामन निर्मलकर, मदन साहू, मनीष साहू, कोमल साहू, चितरंजन साहू, डोमार ध्रुव, प्रेम टोंडर, भारत सिन्हा सहित बड़ी संख्या में श्यामनगर, धुमा, परेतवा, लफंदी, जेंजरा, कोपरा, तर्रा, कुरूसकेरा, सिंधौरी, बरोंडा, राजिम, गरियाबंद, कोमा, कुम्ही, बोरसी, पितईबंद, जामगांव, कौंदकेरा, देवरी, लोहरसी, मुड़तराई, पांडुका, सरकड़ा सहित अनेको गांव से भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके शुभचिंतक पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू एवं उनके समर्थको ने गांव के विभिन्न स्थलो चौक-चौराहो एवं तालाब किनारे पौधारोपण किया। सुबह से लेकर देर रात तक लोग श्री साहू को सोशल मीडिया एवं फोन तथा प्रत्यक्ष रूप से मिलकर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा।

## राजेश ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन



**रसेला।** ग्राम पंचायत टोनहीडबरी के आश्रित गांव नवाडीह में एक नई सीसी (कंक्रीट) रोड का भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। राजेश साहू ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान पंचायतों में विकास कार्य रुके हुए थे। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में गाँवों में विकास कार्यों में तेजी आ रही है। जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने बताया कि दिलबाई के घर से प्राथमिक शाला तक बनने वाली इस सीसी रोड से स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पहले बच्चों को कीचड़ और घास-फूस से होकर स्कूल जाना पड़ता था, जिससे उन्हें साँप जैसे जीव-जंतुओं का डर बना रहता था। अब सड़क बनने से बच्चे बिना किसी डर के स्कूल जा सकेंगे। नारायण सिन्हा ने यह भी कहा कि शिक्षा समिति का सदस्य होने के नाते, उनकी पहली प्राथमिकता शिक्षा ही रहेगी। उन्होंने बताया कि यह सीसी रोड जनपद पंचायत विकास निधि के तहत स्वीकृत हुई है। इस मौके पर सरपंच सरिता ध्रुव, उपसरपंच नारायण ध्रुव और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## एकलव्य पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस




राजिम। एकलव्य पब्लिक स्कूल बोरसी में बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना स्कूल संचालिका कु. कल्पना भोंसले व शिक्षक स्टाफ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक के प्रति भाषण ,गीत ,कविता ,डांस ,बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया गया। अतिथि शिक्षक शीला श्रीवास्तव ,रोमन साहू ने आशीर्वाद के रूप में बच्चों को गुरु के प्रति सम्मान व गुरु के बातों को मानकर बढ़ने की बात करते हुए प्रेरणा दिया।

## रवेली में धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर के ग्राम रवेली में रविवार को ग्रामीणों और गणेश समिति के सदस्यों ने पूरे भक्तिभाव के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस अवसर पर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में डीजे और बाजे-गाजे के साथ बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा गाँव की गलियों से होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंची। इस दौरान सभी भक्त नाचते-गाते हुए भगवान गणेश को विदाई देते दिखे।

इस आयोजन को सफल बनाने में संजय ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, तिलक ध्रुव, टिकमचंद ध्रुव, तिलेश्वर ध्रुव, धनेश्वर ध्रुव, राजेश निर्मलकर, सौरभ यादव, सुमित यादव, मुकेश यादव, संदीप मरकाम, नोमेश ध्रुव, तिरथ ध्रुव, जतीन ध्रुरव, पूरब ध्रुव, राहुल, टिकेश्वर यादव, प्रेमनारायण यादव, योगी राज और विजय देवगां सहित गाँव के कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

## अनंत चतुर्दशी पर रसेला में डीजे डांस की रही धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

विघ्नहर्ता के पांडालों में 11 दिन बिराजने के बाद अनंत चतुर्दशी हवन पूजन पूर्णाहुति उपरांत ग्राम रसेला सहित क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इसी कड़ी ग्राम रसेला में शनिवार को समस्त वासियों के द्वारा राज्य स्तरीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा के प्रतिनिधि कृष्णा गुप्ता, ग्राम प्रमुख संतराम नेताम,बिग्रेद्र ठाकुर, कमलेश्वर नायक, भावसिह मरकाम, पटवारी रायसिंह ठाकुर, शिवशंकर जयसवाल मंडल अध्यक्ष, कृष्ण लाल चक्रधारी सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि और आमंत्रित अतिथि मंच पर विराजमान थे।

सभी आमंत्रित अतिथियों ने भगवान गणेश जी के पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का अक्षत और बेच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से नवयुवकों को नेक कार्यक्रम के लिए संगठित होने का अवसर मिलता है, जो ग्राम विकास एवं भाईचारा बढ़ाने में सहायक होता है। सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने लोगों को अनंत चतुर्दशी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन कार्यों से माता पिता बुजुर्ग से आशीर्वाद मिले ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। इसी कड़ी में मुस्लिम जमात द्वारा आदिवासी समाज को अतिथियों के हाथों पीला गमछा और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता को देखने के लिए आसपास क्षेत्र लोग काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए। इस आयोजन में 30 टीमों ने भाग लिया। जिसमें सामुहिक डांस में प्रथम पुरस्कार हमर छत्तीसगढ़ डांस ग्रुप बड़े साजापाली ने बाजी मारी, द्वितीय इनाम सतसाई डांस ग्रुप खैरटकला, तृतीय द टाईगर ग्रुप्र बुदेली महासमुंद और चतुर्थ ईनाम पुष्पांजलि ग्रुप्र अमानारा ( उड़ीसा ) इस तरह युगल डांस में प्रथम खुश्बू श्याम महासमुंद, द्वितीय करीना शेखर तेदूकोना बागबाहरा, तृतीय चुरकी मुरकी पिथौरा, चतुर्थ ईनाम सिया के राम पिथौरा ने हासिल किया। एकल डांस ग्रुप में प्रथम स्थान खिलावन निषाद सरकडा, द्वितीय स्थान तुषार चन्द्राकार बागबाहरा, तृतीय ईनाम राधा मांझी धरमबधा, चतुर्थ स्थान सत्या रसेला ने बाजी मारी। यहां कार्यक्रम रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के निर्णायक की भूमिका में उपसरपंच परमेश्वर यादव, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, ग्राम प्रमुख संतराम नेताम, पटवारी रायसिंह ठाकुर ने की कार्यक्रम की संचालन शिक्षक पुरानिक नागेश व राघवेन्द्र यादव ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त जागृति नवयुवक मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण सहित ग्रामवासी का विशेष योगदान रहा।

### देवगांव में गणपति बप्पा को हर्षोल्लास के साथ दी विदाई



**छुईहा बेलर।** देवगांव में 11 दिनों तक चले गणेशोत्सव का समापन पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ हुआ। भक्तों ने गणेश प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए बप्पा को विदाई दी। शोभायात्रा के दौरान, /"गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ/" के जयकारे गूंजते रहे।
श्रद्धालु विसर्जन स्थल पर पहुँचे और विधि-विधान से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान, भक्तों ने बप्पा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए कामना की। जगह-जगह प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे आयोजन में सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया गया।

## परसदाकला में गणेश उत्सव का विसर्जन हर्षोल्लास के साथ हुआ



**छुईहा बेलर।** ग्राम परसदाकला के तालाबपारा में गणेश उत्सव का समापन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित विसर्जन कार्यक्रम में भक्तों ने भगवान गणेश की प्रतिमा को पूरे भक्तिभाव के साथ विसर्जित किया। इस दौरान समिति के सदस्य टेकराम देवांगन, चंदू निषाद, अजय देवांगन, भूषण साहू, मोनू निषाद, गोलू साहू, विवेक निषाद, शशि साहू और गांव के अन्य सभी ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने मिलकर गणपति बप्पा को नम आंखों से विदाई दी।

**भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की सम्मान समारोह कार्यक्रम**

# संस्कृति से हुआ है संस्कार का जन्म :ललित मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सत्र 2024-25 की सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिला एवं ब्लॉक पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य सविता मिश्रा शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय , एच एल साहू जिला समन्वयक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, ललिता अग्रवाल प्राचार्य ललित मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज, विक्रम मेघवानी ट्रस्टी गायत्री शक्ति पीठ, सुभाष शर्मा विकासखंड स्रोत समन्वयक फिंगेश्वर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थितियों का टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सविता मिश्रा प्राचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण,व्यक्तित्व निर्माण के साथ साथ भारतीय संस्कृति के तथ्यों और महान मूल्यों से छात्रों को अवगत कराना है। अतः भारतीय संस्कृति हमारी आत्मा है। ललित मिश्रा अध्यक्ष छ.ग. ब्राह्मण समाज ने कहा कि भारत में प्राचीन ज्ञान, संस्कृति, योग, ध्यान और वैज्ञानिक की प्रगति के माध्यम से विश्व को ज्ञान और कल्याण का मार्ग दिखाने वाला एक शिक्षक है। आदिकाल से ही धर्म दर्शन, संस्कृति, संस्कार एवं आध्यात्म के कारण ही भारत विश्व गुरु कहलाया। उन्होंने आगे कहा कि संस्कृति से संस्कार का जन्म हुआ है। एच एल साहू जिला समन्वयक ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 22 राज्यों में राष्ट्रीय स्तर पर 11 भाषाओं में आयोजित की जाती है। उन्होंने आगे बताया कि यह परीक्षा अखिल विश्व भारतीय संस्कृति के ज्ञान को बढ़ाने और भारतीय मूल्यों, रीति-रिवाजो और नैतिक शिक्षाओं से जोड़ने के उद्देश्य से किया जाता हैं। अतः भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जीवन जीने की कला सिखाती है।

### साहित्य समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करता है

ललिता अग्रवाल प्राचार्य ने कहा कि सभी विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हेतु प्रेरित करें. भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा छात्रों के मानसिक और चारित्रिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करती है। सुभाष शर्मा विकासखंड स्रोत समन्वयक ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विद्यार्थियों को संस्कृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि साहित्य समाज में जागरूकता लाने और उसमें सुधार लाने का प्रयास करता है। अतः साहित्य का चिंतन मनन बहुत जरुरी है. कार्यक्रम के अंत में जिला,ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन टीकम सेन ब्लाक समन्वयक एवं आभार व्यक्त संतोष साहू शिक्षक ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य पूरन लाल साहू ओम प्रकाश सिन्हा शिक्षक विद्या भूषण साहू, विनोद साहू संतोष साहू, पूरन लाल साहू, इकाई प्रमुख चेतन सिन्हा,रामकुमार साहू,परमानंद यादव,गिरवर चंद्रवंशी, बलराम साहू, माधव यादव, बसंत साहू, तेजराम साहू, चंदन सिंह ठाकुर, साधू राम निषाद, भगवती महिला मंडल राजिम की बहनें सहित गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### श्रीगणेश को लगाया महाप्रसादी का भोग

**महासमुंद।** शहर के गंजपारा स्थित उज्वल गणेश उत्सव समिति द्वारा महाप्रसादी का भोग लगाया गया। तत्पचात श्रध्दालुओं को प्रसाद वितरण किया किया। इस दौरान समिति के सदस्य विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### 8 से 10 तक विशेष दुर्घटना बीमा शिविर

**पिथौरा।** महासमुंद, बसना, सरायपाली और बागबाहरा डाकघरों में 8 से 10 सितंबर 2025 तक डाक विभाग एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक) द्वारा विशेष दुर्घटना बीमा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से नागरिक दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर पाएंगे। महासमुंद, सरायपाली, बागबाहरा में कैंप डाकघर भवन में आयोजित है। वहीं बसना के बस स्टैंड में शिविर लगाया जाएगा।

### तोषण से मिलने पहुंचे छात्र-छात्राएं



**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी के बहुत से पूर्व छात्र-छात्राएं शिक्षक दिवस पर उनसे मिलने के लिए उनके घर पहुंचे तथा उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद लिए। इस अवसर पर छात्रा सुधा यादव, राहुल यादव, पूर्णिमा वैष्णव, जागृति सोनी, चारूलता यादव, निधि यादव, खिलेश्वर, वंदना सेन, मनीषा साव, ममता साहू, निधि भोसले, दिव्या मरकाम आदि ने गोस्वामी के साथ स्कूल में बिताए गए पुराने समय को याद करते हुए कहा कि वह बिता हुआ समय उनके जीवन का सबसे यादगार समय है। वहीं शेम्पी तिवारी, रेणुका सेन, किरण साहू, ईश्वरी साहू, लता साहू, किरण यादव, पिंकी साहू, संजना मन्नाडे, मनीषा नेताम आदि ने भी शिक्षक दिवस पर उनसे आशीर्वाद लिया।

### महिला एवं पुरुष ओपन दंगल कुश्ती एवं पुरुष पंजा कुश्ती स्पर्धा 21 को

**बागबाहरा।** स्थानीय टाउन हॉल में जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष ओपन दंगल कुश्ती एवं पुरुष पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन जिला कुश्ती संघ द्वारा 21 सितंबर को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजय खिलाड़ियों को नगद राशि, शील्ड व प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता महासमुंद जिला भीम, महासमुंद जिला शेरनी, महासमुंद जिला चैंपियन 2025 के खिताब के लिए होगी। यह प्रतियोगिता जिले में पहली बार आयोजित की जा रही है, जिससे नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन कर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उक्ताशय की जानकारी जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष चंद्रकांत सेन ने दी।

### सीएम के पोस्टर पर गोबर पोतकर कांग्रेस नेता ने आदिवासी विरोधी होने का दिया प्रमाण : देवेंद्र

**महासमुंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कवर्धा में कांग्रेस नेता तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पोस्टर पर गोबर पोतने जैसे कृत्य की कड़ी निंदा की है। चंद्राकर ने कांग्रेस नेता के इस कृत्य को आदिवासियों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा आदिवासी समाज के नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने तथा मुख्यमंत्री साय द्वारा लगातार प्रदेश की जनता व प्रदेश के हित में लिए जा रहे निर्णय, उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से कांग्रेस में बौखलाहट साफ झलक रही है।

---

**समारोह:** नवाखाई मिलन समारोह में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज में दिखी एकजुटता

# आदिवास संस्कृति व समाज के विकास के लिए एकजुटता जरुरी : विधायक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मैनपुर नगर में रविवार को आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा नवाखाई मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव का गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना के बाद विधायक जनक ध्रुव ने समाज भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 5 लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए तत्काल भूमिपूजन किया। इसके बाद रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए समाज के लोग सामुदायिक भवन पहुंचे, जहां एक विशाल सभा का आयोजन किया गया।





#### शिक्षा और एकता पर जोर

*समारोह की शुरुआत आदिवासी परंपरा के अनुसार पीले चावल का तिलक लगाकर और इष्टदेव बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना करके हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने आदिवासी संस्कृति और समाज के विकास के लिए सभी को एकजुट रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे घर-घर जाकर सर्वे करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।*

#### समाज में प्रेम और भाईचारा

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के अध्यक्ष कोंसिंग नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी एक अलग परंपरा और संस्कृति है। उन्होंने बताया कि आदिवासी लोग काफी सीधे, सरल और सज्जन स्वभाव के होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आपसी मनमुटाव और मतभेदों को भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देते हैं। समाज के वरिष्ठ नोकेलाल ध्रुव ने आने वाले समय को आदिवासी समाज के लिए चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समाज में बहुत परिवर्तन आने वाला है और आरक्षण समाप्त करने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को बचाने के लिए हमें आंदोलन भी करना पड़ सकता है। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज के विकास के लिए करने का आग्रह किया और कहा कि समाज का नियम सबके लिए बराबर है। इस मौके पर अध्यक्ष कोंसिंग नेताम, नोकेलाल ध्रुव, रामकृष्ण ध्रुव, कुशल ध्रुव, मंशा ध्रुरव, कुबरे ध्रुव, मुन्ना ध्रुव, अशोक ध्रुव, रामलाल ध्रुव, लोकेश कुमार ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव, नेयाल नेताम, छबीलाल ध्रुव, डोमेश्वरी बाई, तेजा बाई, सोनसिंह बाई, हीरा बाई ध्रुरव, अंशु बाई, लता ध्रुव, सोहनतीन बाई, भागवती, राधिका ध्रुव, बिमला ध्रुव, सरस्वती ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

---

# श्री कुलेश्वर महादेव कॉलेज में 8 से 11 तक रजत जयंती समारोह का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की 25वीं वर्षगांठ पर प्रदेशभर में रजत जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में 8 से 11 सितम्बर तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय परिसर में 8 सितम्बर को सेमिनार का आयोजन होगा। इसका विषय है छत्तीसगढ़ गठन के पश्चात उच्च शिक्षा का विकास। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. टी. एल. वर्मा अपना विचार प्रस्तुत करेंगे।

इसी दिन अपराह्न 2 बजे से पूर्व छात्र-छात्रा सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले पूर्व विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। 10 सितम्बर को विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने हेतु प्रश्नोत्तरी, स्लोगन, रंगोली, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 11 सितम्बर को एन.एस.एस. इकाई द्वारा गोद ग्राम में रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से राज्य निर्माण से लेकर रजत जयंती तक की यात्रा तथा छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों को आम जन तक पहुँचाया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता जीना-सुजीत निषाद, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति द्वारा की जाएगी। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती हमारे लिए गर्व और उपलब्धियों का प्रतीक है। महाविद्यालय में आयोजित यह श्रृंखला न केवल विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और बौद्धिक क्षमता को मंच प्रदान करेगी, बल्कि प्रदेश की प्रगति, शिक्षा और संस्कृति के गौरवशाली सफर को भी उजागर करेगी। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक नागरिक, पूर्व छात्र और विद्यार्थी इसमें सम्मिलित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी नागरिकों, गणमान्य अतिथियों, पूर्व छात्रों को इस ऐतिहासिक आयोजन में सम्मिलित होकर गरिमा बढ़ाने हेतु आमंत्रित किया है।

---

# सरकारी बिजली कंपनी के संविदा कर्मचारी आंदोलन पर, 19 सितंबर से शुरू होगा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ के सरकारी बिजली कंपनी में फिर कर्मचारी आंदोलन का शंखनाद हो गया है। छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ ने अपने मांगें पूर्ण नहीं होने से आहत होकर कंपनी प्रबंधन को आंदोलन के लिए चेतावनी पत्र जारी कर दिया है। संघ ने कंपनी प्रबंधन को चार चरण में आंदोलन करने की सूचना दिया है जो 19 सितंबर से शुरू होगा। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि संघ ने औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए प्रबंधन के साथ लगातार पत्राचार एवं द्विपक्षीय वार्ता कर हल निकालने का कोशिश किया किंतु संघ के मांगों पर ठोस एवं लिखित आश्वासन देने के बावजूद भी कम्पनी प्रबंधन ने उचित क्रियान्वयन नहीं किया। पॉवर कम्पनी के उदासीनता से संविदा कर्मचारियों में निराशा के भाव हैं' जिस कारण आश्वासनों से त्रस्त होकर संविदा कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश हो गए हैं। कहा कि बिजली कंपनी में लाइन का कार्य करना अत्यंत ही जोखिम पूर्ण कार्य होता है। लगातर बढ़ते लाइन, कर्मचारी की कमी में सतत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने, दबाव पूर्ण कार्य प्रकृति एवं विद्युत लाइन के जाल से उलझा वितरण कम्पनी में विद्युत दुर्घटना का सर्वाधिक शिकार संविदा कर्मचारी हो रहे हैं। प्रति माह किसी न किसी संविदा कर्मचारी के साथ घातक विद्युत दुर्घटना घटित होता है, जिसमें आज तक लगभग 40 संविदा कर्मियों का निधन हो चुका है। इसके बावजूद सिर्फ नियमितीकरण के आस लिए हुए संविदा कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हो कर पूर्ण तन्मयता से अत्यंत अल्प वेतन में अपना कार्य बिना आर्थीक सामाजिक सुरक्षा के कर रहे हैं। बताया कि चार चरणो में आंदोलन किया जाएगा। जिसमें 19 सितम्बर को वितरण कंपनी के क्षेत्रीय मुख्यालयों में अध्यक्ष पॉवर कम्पनी के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 1 अक्टूबर को एक दिन का सांकेतिक काम बंद एवं 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय पर्व पर पूर्ण रूप से काम बंद किया जाएगा। 13 अक्टूबर को पॉवर कम्पनी मुख्यालय रायपुर में आम सभा एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 18 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल में चले जाएंगे।

#### ये है प्रमुख मांगे

पॉवर कम्पनी में कार्यरत समस्त कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए। विद्युतीय - गैर विद्युतीय दुर्घटना समान्य मृत्यु पर 25 लाख मुआवजा के साथ त्वरित रूप से संविदा कर्मियों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाए। एकमुश्त वेतन में मंहगाई भत्ता एवं मकान भत्ता भी प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय अवकाश पर कार्य के बदले अतिरिक्त वेतन नियुक्ति तिथि से प्रदान किया जाए। विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री कमलेश भारद्वाज एवं अध्यक्ष हरिचरण साहू ने बताया कि वितरण एवं पारेषण कम्पनी में कर्मचारियों की भारी कमी है कम्पनी में लाइन कर्मियों के पदों में कुल लगभग 6 हजार से अधिक पद खाली है। 2009 के बाद कम्पनी में लाइन कर्मचरियों की भर्ती भी नहीं किया गया है। जिससे लाइन संबंधित समस्त कार्य संविदा कर्मियों द्वारा ही कराए जा रहे हैं। बिजली व्यवस्था बनाये रखना अत्यंत ही जोखिम पूर्ण कार्य होता है इसीलिए बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों को ट्रेड एस्टेब्लिशमेंट नियम के अधीन रखा गया है, जिससे संविदा कर्मचारी नियमित होने के पात्र हैं इसके लिए कम्पनी प्रबंधन ने लीगल सलाह भी लिया है, जिसमें बिजली कम्पनी के संविदा कर्मचरियों को नियमित किए जाने का सलाह भी दिया गया है। संविदा कर्मचारी पिछले 9 एवं 7 सालों से कम्पनी में सेवा देते आ रहे हैं। इसके बावजूद संविदा कर्मियों को नियमित नहीं किया जा रहा है, संविदा कर्मचारी नियमित होने के लिए पूर्ण पात्रता एवं अनुभव रखते हैं। मांगे पूर्ण नहीं होने की स्थिति में दीपावली पर प्रदेश भर में ब्लैक आउट होने की संभावना हैं और अनिश्चितकालीन आंदोलन की रूपरेखा के लिए विवश हो जाएंगे।

---

# पीएम श्री हरिहर विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

शहर के सुप्रसिद्ध पीएम श्री हरिहर विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य आर बी शर्मा पहुंचे। अध्यक्षता प्राचार्य फाखरा दानी मैम ने की। इस अवसर पर श्री शर्मा तथा व्याख्याता एस प्रसाद ,एल एन बासवार ,एस आर सोन ,एच पी चंद्राकर ,आरएल साहू ,जी एल साहू ,आर एन तिवारी ,यु एस देवांगन ,एस एन देवांगन, जे एल देवांगन, लाला साहू, मीना साहू, एंव प्राथमिक शाला तर्री की भोजन बनाने वाली पुरुबोतिन साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आर बी शर्मा ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपनी बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि गुरू ही एक ऐसा शख्स होता है जो हर शिष्यो को आगे बढ़ाने के लिए निश्चल भावना से काम करता है। प्राचार्य दानी मैम ने कहा कि सभी उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षक मेरे प्रेरणा श्रोत रहे। बताया कि प्राथमिक शाला तर्री में निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता को देखकर जब उस महिला से पूछा कि तुम इतना स्वादिष्ट खाना कैसे बना लेती हो तो उसने कहा कि हम अपने घर में खाते है वैसे ही स्कूल के बच्चों को खिलाते हैं। उनकी इस ईमानदारी को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता नेताम ,अशोक साहू ,विजय गिलहरे ,लता साहू ,सोमा शर्मा, सुषमा यादव ,ज्योतिबाला साहू ,दुर्गेश बंजारे ,अविनाश बघेल ,राजेश अवसरीया ,आलोक ठाकुर ,भरत साहू, होरी चांदने ,मुक्ति साहू ,सोनू साहू ,रेणुका यादव ,स्नेहा साहू ,काजल चौबे ,चंद्रकांत धनकर ,डॉली साहू ,हिमानी दास ,अल्फिया बनो ,अर्चना सिंह एंव बी एड प्रशिक्षक उपस्थित थे।





#### शिक्षक सोनजीत यादव हुए सम्मानित

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नागेश के शिक्षक सोनजीत यादव को मध्य प्रदेश के दमोह में आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में विद्यालयों की भूमिका विषय पर आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह में मिला। यह कार्यशाला 26 अगस्त से 4 सितंबर तक संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला में देश के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 65 शिक्षकों ने हिस्सा लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ से 9 शिक्षक शामिल थे। सभी शिक्षकों ने अपने-अपने राज्यों की कला, संस्कृति और धरोहर पर प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे भारतीय संस्कृति की विविधता को समझने का मौका मिला।

**कला-आधारित शिक्षा की नई शुरुआत-** इस दौरान शिक्षकों को खजुराहो के मंदिरों और दमोह के रानी दमयंती पुरातात्विक संग्रहालय का भी भ्रमण कराया गया। शिक्षकों ने इस अनुभव को अद्भुत और अविस्मरणीय बताया। कार्यशाला के अंत में सभी शिक्षकों को प्रमाणपत्र भी दिए गए। सीसीआरटी के कोऑर्डिनेटर त्रिपाल सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला का अंत नहीं, बल्कि कला-आधारित शिक्षा को कक्षाओं तक पहुँचाने की एक नई शुरुआत है। इस कार्यशाला से मिली सीख को शिक्षक अपने विद्यालयों में बच्चों तक पहुँचाकर शिक्षा को और अधिक रोचक और संस्कृति से जोड़ने का संकल्प लिए हैं।

---

# अनिल कुमार व ओमेश्वरी का शिक्षक सम्मान के लिए चयन

**मैनपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित एक सम्मान समारोह में गरियाबंद जिले के दो शिक्षकों, मैनपुर के अनिल कुमार अवस्थी और छुरा के ओमेश्वरी साहू का अगले वर्ष के शिक्षक सम्मान के लिए चयन किया गया है। यह घोषणा छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा मंत्री द्वारा की गई। मैनपुर विकासखंड के शासकीय कन्या प्राथमिक शाला अमलीपदर के शिक्षक अनिल कुमार अवस्थी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए चुना गया है। वह बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहे हैं और बच्चों को खेल-खेल में रोचक गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाते हैं। अगले वर्ष शिक्षक दिवस के दिन उन्हें राजभवन में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह, जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल और कई अन्य अधिकारी और शिक्षक शामिल हैं।



---

# नृत्य प्रतियोगिता में 30 प्लस बच्चों ने भाग लिया

**मैनपुर।** मैनपुर के शांतिनगर मोहल्ले में बीती रात सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति ने लगातार दूसरे वर्ष रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 30 से अधिक बच्चों और बच्चियों ने भाग लिया और अपने डांस से सबका मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में निकिता यादव ने पहला स्थान, टिया यादव ने दूसरा स्थान और अंकिता ध्रुव ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। बाकी सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधीक्षक नरेश कश्यप, शिक्षक दीपक चतुर्वेदी और पत्रकार पुलस्त शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन जशवंत साहू ने अपने हास्य अंदाज में किया। इस आयोजन में सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति के युवाओं का विशेष योगदान रहा।



---

# शांताराम सराफ को विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**राजिम।** वरिष्ठ समाजसेवी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक शांताराम सराफ के निधन की खबर पर राजिम विधायक रोहित साहू तथा जिला भाजपा के महामंत्री चंद्रशेखर साहू रायपुर पहुंचे और अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने अपनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। श्री साहू ने कहा कि शांताराम जी का संपूर्ण जीवन सेवा, संगठन और समाजोत्थान के कार्यों को समर्पित रहा। उनके मार्गदर्शन में हमने स्वयं भी संगठनात्मक कार्यों को नजदीक से देखा और सीखा। वे न सिर्फ एक अनुशासित प्रचारक थे, बल्कि स्नेह, करुणा और मार्गदर्शन का ऐसा स्त्रोत थे, जिससे जुड़कर हम सभी ने समाज सेवा की सच्ची दिशा पाई। उनके साथ आत्मीय संबंध रहे हैं, उनके साथ बिताए अनेक पल आज स्मृतियों में जीवंत हो उठे हैं। उनका जाना संघ, परिवार और समाज की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवारजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

---

**वेतन जमा नहीं होने पर आज करेंगे बीईओ कार्यालय का घेराव करेंगे**

# शिक्षकों ने वेतन रोके जाने पर बीईओ के खिलाफ खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर में 132 शिक्षकों का वेतन रोके जाने से नाराज शिक्षकों ने अपने ही बीईओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि 8 सितंबर 2025 तक वेतन उनके खातों में जमा नहीं हुआ तो वे बीईओ कार्यालय का घेराव करेंगे। शिक्षकों ने तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित प्रशिक्षण हाल में बैठक कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों का वेतन रोका गया है, जिसे उन्होंने बीईओ की 'दमनकारी नीति' करार दिया। शिक्षकों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक स्थानीय समिति का भी गठन किया है। इस समिति में पारेश्वर पटेल को अध्यक्ष, संजय सिन्हा को उपाध्यक्ष, प्रदीप सिन्हा को सचिव और राजेश साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

#### खातों में जमा हो जाएगा

*इस मामले पर बीईओ ने कहा कि शिक्षकों का वेतन ट्रेजरी में जमा कर दिया गया है और सोमवार को उनके खातों में जमा हो जाएगा।*

#### समिति बीईओ से मिलकर इन समस्याओं पर करेगी चर्चा

1. 132 शिक्षकों का रुका हुआ वेतन 8 सितंबर 2025 तक जमा करने की मांग।
2. विभिन्न लंबित अवकाशों को तत्काल स्वीकृत करना।
3. कुछ शिक्षकों का रुका हुआ वेतन तत्काल जमा करना।
4. 2023-24 में पदोन्नत शिक्षकों को जनवरी 2024 से देय वेतन वृद्धि जारी करना।
5. उन शिक्षकों का वेतन तत्काल जमा करना जो अक्टूबर 2017 से रुका हुआ है।
6. भविष्य में बिना सूचना के शिक्षकों का वेतन न रोकना।
7. 2010 में नियुक्त शिक्षकों का समयमान वेतन वापस लेना और उसे दोबारा जारी करना।
8. संकुल समन्वयकों को बिना किसी कार्य के कार्यालय में न बैठाना।

